>

Title: Need to provide adequate number of air-conditioned coaches in Saptkranti Express (Train Nos. 12557/12558) between Mujaffarpur (Bihar) and Delhi.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): ट्रेन नं. 12557 अप 12558 डाउन सप्त क्रांति एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से आनंद बिहार टर्मि. एवं आनंद विहार टर्मि. - मुजफ्फरपुर दैनिक ट्रेन है जो गोरखपुर-बगहा वाया नरकटियागंज, बेतिया, मोतिहारी होकर मुजफ्फरपुर जाती है । इस ट्रेन में एसी बोगी की कमी है द्वितीय वातानुकुलित. की एक बोगी है जिसको विभाजित कर आधा प्रथम वातानुकुलित, आधा द्वितीय वातानुकुलित में कर दिया गया है । जिस रेल मार्ग से सप्त क्रांति एक्सप्रेस जाती है उस क्षेत्र से 9 से 10 लोक सभा सदस्य तथा पांच राज्य सभा सदस्य यात्रा करते हैं । बराबर यह देखा गया है कि प्रथम वातानुकुलित के यात्रियों का टिकट-टर्नअप सेकेंड एसी द्वितीय या तृतीय वातानुकुलित में कर दिया जाता है । जिससे माननीय सांसदों के साथ-साथ व्यवसायियों को भारी दिक्कतें होती हैं ।

अतः आपसे मांग करता हूं कि सप्त क्रांति ट्रेन की एक बोगी प्रथम वातानुकुलित तथा 2 बोगी द्वितीय वातानुकुलित की किया जाये ताकि उक्त क्षेत्र के माननीय सांसदों एवं व्यवसायियों को सुविधा मिल सके।